खास-खबरें

सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय को नैक द्वारा 'ए' ग्रेड

भोपाल। सरोजनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय का 16 व 17 मई 2023 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा निरीक्षण किया गया। नैक द्वारा महाविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया। 'ए' ग्रेड आने से महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा प्राचार्य को बधाई दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शैलबाला सिंह बघेल द्वारा समस्त स्टाफ के सामने नैक के द्वारा दी गई रिपोर्ट जिसमें महाविद्यालय की समस्त गतिविधियॉ, शैक्षणिक कार्य, एनसीसी/ एनएसएस यूनिट के कार्य, महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास, प्राध्यापकों की नवीन विचारधारा, कर्मचारियों के सहयोग एवं छात्राओं की प्रगति को उत्कृष्टता से सराहा गया, को पढ़कर सुनाया गया। आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) प्रभारी डॉ. मुकेश दीक्षित द्वारा सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया

स्वरांजलि में आज बहेगी भक्ति संगीत की बयार

भोपाल। भक्ति संगीत के आध्यात्मिक आनंद से सराबोर स्वरांजलि समारोह का आयोजन टैगोर विश्व कला केन्द्र, आरएनटीयू द्वारा रविवार 4 से 9 जून तक किया जा रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा भव्य लक्ष्मीनारायण मंदिर के स्थापना तथा प्राण-प्रतिष्ठा के इस पवित्र प्रसंग में गुंदेचा बंधु (ध्रुपद संस्थान भोपाल) पंडित शर्मा बंधु (उज्जैन), विदुषी शोभा चौधरी (पंचम निषाद इंदौर), पं. किशोर चतुर्वेदी (लखनऊ) तथा प्रसिद्ध युवा गायिका मैथिली ठाकुर (बिहार) अपने दल के साथ प्रस्तुतियाँ देंगे। भोजपुर के निकट चिकलोद रोड़ पर नव-निर्मित मंदिर के मुक्ताकाश परिसर में ये सभाएँ शाम 7 बजे शुरू होंगी। 4 जून को प्रख्यात ध्रुपद गायक पंडित उमाकांत गुंदेचा ध्रुपद संस्थान के कलाकारों के साथ स्वरांजलि का मंगलाचरण करेंगे। 5 जून की शाम उज्जैन के पंडित शर्मा बंधु और साथी, 6 जून को इंदौर की वरिष्ठ गायिका शोभा चौधरी और पंचम निषाद के शिष्य तथा 7 जून की शाम लखनऊ के जाने-माने भजन गायक पंडित किशोर चतुर्वेदी भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे। 9 जून की शाम 7 बजे लोकप्रिय युवा गायिका मैथिली ठाकुर के गायन से स्वरांजलि की सभा सम्पन्न होगी।

सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ी

भोपाल। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 07419/07420 सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 24.06.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.06.2023 तक अपने निर्धारित दिन और समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। यह गाड़ी भोपाल मण्डल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 जून 2023 तक प्रति शनिवार को सिकंदराबाद स्टेशन से 15.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 05.10 बजे इटारसी पहुँचकर, 05.20 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 23.15 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 जून 2023 तक प्रति सोमवार को दानापुर स्टेशन से 14.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 07.50 बजे इटारसी पहुँचकर, 08.00 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 23.50 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी।

भाजपा कार्यकारिणी द्वारा मंडल संयोजक-सह संयोजक की घोषणा

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक मनोज द्विवेद्वी, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी एवं गोविन्दपुरा विधायक कृष्णा गौर के निर्देशानुसार एवं सहसंयोजक भोपाल संभाग प्रभारी अशोक विश्वकर्मा की सहमति से भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक मलखान सिंह ठाकुर द्वारा भाजपा विधि प्रकोष्ठ गोविन्दपुरा विधानसभा के समस्त मण्डल के संयोजक एवं सह-संयोजक की घोषणा की है। भानपुर मण्डल: कोशलेश पाठक-संयोजक, राकेश यादव - सह संयोजक। **इन्द्रपुरी मण्डल:** प्रदीप त्रिवेदी-संयोजक, विमल सिंह-सह संयोजक। **आनन्द नगर मण्डल:** बसंत मालवीय संयोजक, दिलीप चौथानी सह-संयोजक। **अवधपुरी मण्डल:** पुष्पराज रघुवंशी-संयोजक, रामकृष्ण पाण्डेय-सह संयोजक। **साकेत मण्डल :** सौरभ शर्मा-संयोजक, रामबाबू-सह संयोजक। **मिसरोद मण्डल:** विक्रम सिंह पंथ - संयोजक, पवन पाटीदार-सह संयोजक।

छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाइल पंजीयन जरूरी

भोपाल। जनजातीय एवं अनुसूचित जाति के छात्रावास, आश्रमों का शिक्षण सत्र 2023-2024 में छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है तो उन्हे एल छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाईल पंजीयन कराना होगा। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाईल पंजीयन अनिवार्य है। बिना प्रोफाईल पंजीयन के छात्र, छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वेबसाईट पर जाकर प्रोफाईल पंजीकरण किया जा सकता है। छात्र, छात्राऐं जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, उस छात्रावास में जाकर नि:शुल्क प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त करें एवं पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म 30 जून तक आवश्यक दस्तावेजो के साथ छात्रावास में अधीक्षक के पास जमा कराये।

आधी रात को डीजे बजाकर बर्थडे मना रहे युवकों में विवाद

भोपाल। टीटी नगर थाना इलाके में घर के सामने आधी रात को तेज आवाज में डीजे भी बजाकर बर्थडे मना रहे युवको को मना करने पर आरोपियो ने फरियादी के साथ गाली-गलौच कर उसे धमकी दे डाली। पुलिस के मुताबिक बाणगंगा स्थित रोटरी क्लब के पास रहने वाले फरियादी अनिल राठौर पिता मागीलाल राठौर (42) ने शिकायत करते हुए बताया कि घर पर किराना दुकान चलाता है। बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात को वह परिवार के साथ सो रहा था। रात करीब एक बजे मोहल्ले में रहने वाला आरोपी रितिक केवट अपने साथियो के साथ तेज आवाज में डीजे बजाकर अपना बर्थडे मना रहा था।

नशे के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

कलेक्टर आशीष सिंह के सख्त निर्देश पर अमूल्य गार्डन, रेस्टोरेंट और ढाबा हुए नेस्तनाबूद

भोपाल (काप्र)।

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर शराब और नशे के अवैध व्यापार, बिक्री और अन्य काम करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश के बाद भोपाल में नशे के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन और नगर निगम के अमले ने कर्रवाई करते हुए अमूल्य गार्डन बावड़िया कला ब्रिज के पास ईश्वर नगर में स्थित रेस्टोरेंट को पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

आबकारी अधिकारी राजेंद्र मोरी ने बताया कि इस जगह पर रेस्टोरेंट बनाकर शराब का अवैध तरीके से व्यापार और वितरण हो रहा था कई बार आबकारी अमले ने छापा मारकर अवैध शराब पिलाते हुए पकड़ा और चलानी करवाई की थी। संचालक द्वारा बिना लाइसेंस शराब पिलाना और बिक्री करना जारी रहा है। अभी 3 दिन पूर्व भी अवैध रूप से शराब पार्टी होते हुए पाई गई थी। जिस पर नोटिस भी जारी किया गया था। उक्त संपत्ति दत्ता परिवार की दिल्ली निवासी की है। इस संपत्ति पर अमूल्य गार्डन में संचालक विजय कुमार मिश्रा द्वारा जमीन किराए पर लेकर रेस्टोरेंट कम, ढाबा चलाया जा रहा था। इस ढाबे में शराब का अवैध विक्रय, शराब पिलाना और अन्य गतिविधियां संचालित हो रही थी। शनिवार को एसडीएम आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार मनीष शर्मा, आबकारी अधिकारियों के साथ नगर निगम के अमले ने अमूल्य गार्डन पर नशा के कारोबारियों के

विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पूरे रेस्टोरेंट को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि इस रेस्टोरेंट पर अवैध रूप से शराब का पिलाना और बिक्री संबंधी सूचना मिलती रही है। छापा मारने पर शराब की पार्टी होती पाई गई जिस पर इनको नोटिस जारी किया गया था। लगातार शराब पार्टी हो रही थी जिसका कोई वैध लाइसेंस भी नही लिया गया था। अमूल्य गार्डन स्थित रेस्टोरेंट के पास व्यवसायिक गतिविधियों और निर्माण की अनुमति भी नहीं थी। पेपर मांगने पर कागजात और अनुमति संचालक और मैनेजर द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है। एसडीएम, तहसीलदार, नगर निगम, पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक कार्रवाई करते हुए पूरे रेस्टोरेंट को जमींदोज कर दिया गया।

आयुष ग्राम सिकंदराबाद में लगा स्वास्थ्य मेला

भोपाल(काप्र)।

राजधानी के फंदा ब्लाक के आयुष ग्राम सिकंदराबाद में आयोजित स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपनाने की समझाइश दी गई।

ग्रामीणों को बताया गया कि योग को अपनाकर हम स्वस्थ जीवन-शैली के साथ जीवन-यापन कर सकते हैं। मेले का आयोजन हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को वैद्य आपके द्वार (आयुष क्योर एप), योग से निरोग और देवारण्य योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे औषधीय पौधों की खेती की ओर प्रोत्साहित हों। आज के दौर में औषधीय पौधों की खेती नगद फसल के रूप में जानी जाती है और वैश्विक रूप में इनकी अच्छी मांग है। ग्रामीणों को अश्वगंधा, लेमनग्रास, तुलसी, आँवले समेत अन्य औषधीय पौधों की जानकारी भी दी गई। आयुष स्वास्थ्य मेले में करीब 250 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और औषधि का वितरण किया गया। साथ ही 76 ग्रामीणों की निःशुल्क डायबिटीज की जाँच की गई। स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को पोषण आहार प्रदर्शनी के माध्यम से श्री अन्न (मोटा अनाज) जौ, बाजरा, मक्का एवं रागी के पौष्टिक गुणों के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। मेले में 21 जून- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामुहिक योगाभ्यास के लिये करीब 175 ग्रामीणों का पंजीयन भी किया गया।

अयोध्याकांड प्रतियोगिता के विजेता विमान से जाएंगे रामलला के दर्शनार्थ

भोपाल (काप्र)।

शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के साथ राज्य ओपन स्कूल के सहयोग से जो अयोध्याकाण्ड पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी उसके अन्तर्गत संपूर्ण कुल 172 विजेता विमान से दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

इसके अन्तर्गत अयोध्या जाने वाले विजेताओं के पांच समूह बनाये गये हैं। जो 14 जून से 23 जून तक भोपाल एयरपोर्ट से यात्रा करेंगे। इसके लिये इन समूह का कार्यक्रम राज्य ओपन स्कूल के द्वारा तिथिवार तय कर दिया गया है। जिसकी सूचना प्रत्येक विजेता को भेजी जा रही है। प्रत्येक समूह को दो दिन भगवान श्रीराम लला के दर्शन एंव अन्य स्थानों के दर्शन का पुण्य लाभ होगा। इस संबंध में एक आवश्यक बैठक रखी गयी जिसमें कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा के द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भारत सरकार के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान करने की स्वीकृति दी है। इसके लिये उपस्थित प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने हर्षध्वनि प्रगट कर ज्योतिर्रादित्य सिंधिया के प्रति आभार किया। आपने बताया कि प्रतिभागियों को पूर्व में ही सूचित किया जाएगा ताकि वे समय पर तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में उपस्थित हो सके जिससे सुबह 8.00 बजे विमानतल पर बस द्वारा भेजा जाएगा। यह विमान भोपाल से प्रयागराज पहुंचेगा और प्रयागराज से बस द्वारा यात्रा की जाएगी। दिनांक 14,16, 19,21 एवं 23 जून को पांच विजेताओं के समूह सुबह 9.30 बजे भोपाल एयर पोर्ट से प्रस्थान करेंगे। बैठक में रघुनंदन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा संयोजक कैलाश जोशी, सचिव प्रभुदयाल मिश्र, विजयदत्त श्रीधर, रमेश शर्मा,माधवसिंह दांगी, कमलेश जैमिनी, महेश सक्सेना, प्रभात राज तिवारी, राजेश हिंगारोनी, श्रीमती सुशीलाशुक्ला, विजय अग्रवाल, मनीष भट्ट, देवेन्द कुमार रावत उपस्थित थे। बैठक के अंत में संस्था के संयोजक राजेन्द्र शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि संकल्प से सिध्दि तक यात्रा का यह शुभ अनुष्ठान सभी के प्रयास से पूरा होने जा रहा है।

सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी कार

भोपाल(काप्र)। *राजधानी के नजदीक बिलखिरिया थाना इलाके में तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई, घटना में कार चालक युवक को चोटें आई है। पुलिस ने बताया कि पुलिस कालोनी बुदनी, जिला सीहोर में रहने वाले 23 वर्षीय हिमांशु गुर्जर पढ़ाई कर रहा है। बीती 31 मई की रात करीब 11 बजे वह दतिया से सीहोर जाने के लिए अपने बड़े भाई देवराज गुर्जर, भाभी साक्षी गुर्जर और भतीजी आराध्या के साथ कार से निकला था। गुरुवार अलसुबह करीब छह बजे वह भोपाल बायपास पर बिलखिरिया स्थित शर्मा ढाबा के पास पहुंचा, तभी उसकी कार सड़क किनारे लापरवाही पूर्वक खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं हिमांशु और उसके भाई को चोटें आई वहीं उसकी भाभी और भतीजी को मामूली चोट आई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।*

युवती ने युवक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर किए आपत्तिजनक फोटो अपलोड

भोपाल(काप्र)।

राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके में लड़के को परेशान करने के लिये लड़की द्वारा उसकी फर्जी फेसबुक आईडी बनाने का मामला सामने आया है।

थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल हर्षवर्धन नगर इलाके में रहने वाले युवक ने नवंबर, 2022 में सायबर क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वो मूल रुप से नरसिंहपुर जिले का रहने वाला है। उसे अपने रिश्तदारों से जानकारी मिली थी कि उसकी फर्जी फेसबुक आईडी बनी है, जिसमें आपत्तिजनक तस्वीरे है, और उसकी तस्वीरों को लेकर कई तरह की अनगर्ल बातें लिखी हुई थी। जांच के बाद प्रकरण दर्ज करने के लिए केस डायरी टीटी नगर थाने को दे दी गई।पुलिस ने आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओ में मामला कायम कर पड़ताल शुरु की। पीड़ित ने उसके नाम पर खोले गए अकाउंट की जानकारी पुलिस को दी थी। जिससे पता चला कि निशातपुरा इलाके में रहने वाली किसी परी गुप्ता नाम की लड़की ने यह एकाउंट खोला था। हालांकि यह उसका असली नाम नहीं था। सूत्रो के अनुसार पुलिस ने आरोपियो की गिरफ्तारी कर ली है। उसकी इस हरकत का कारण लड़के को बदनाम करना था। हालांकि इसका कारण फिलहाल सामने नहीं आया है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है।

आज राजधानी में धाकड़ और ब्राह्मण समाज की हुंकार

भोपाल (काप्र)। *भेल के दशहरा मैदान पर किरार धाकड़ समाज और भेल के जंबूरी मैदान पर ब्राह्मण समाज चार जून को हुंकार भरेंगे। महाकुभ का आयोजन करेंगी। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। भेल के अन्ना नगर दशहरा मैदान में 4 जून को भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के अलावा उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों से सामाजिक बंधु भाग लेंगे। आगामी चुनाव को देखते हुए इसे महाकुंभ का नाम भी दिया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु भाग लेंगे। इसको लेकर शहरभर में होर्डिंग सज चुके हैं। आयोजन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, साधना सिंह चौहान समेत कई लोग शामिल होंगे। इधर चार जून को प्रदेश के सभी ब्राह्मण संगठन मिलकर एक ही मंच पर विशाल ब्राह्मण महाकुंभ हुंकार सम्मेलन करने जा रहे हैं। इस शक्ति प्रदर्शन में ब्राह्मण समाज की 11 सूत्रीय मांगों को सरकार के सामने रखा जाएगा। ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कक्का ने बताया कि ब्राम्हण महाकुंभ के मुख्य अतिथि के रूप में सनातन धर्म के सबसे बड़े आचार्य द्वारिका पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज आ रहे हैं। वहीं महाकुंभ में विशिष्ट अतिथि म प्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे।*

डीबी मॉल के दो शोरुम से कीमती गहने चोरी

भोपाल(काप्र)। एमपी नगर इलाके में स्थित डीबी मॉल में बने ज्वैलर्स के दो शोरूम से सोने के गहने चोरी हो जाने की घटना सामने आई है।

थाना पुलिस के अनुसार फरियादी नरेंद्र कुमार जौगिड पिता फूलचंद जौगिड (32) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि वह शाहपुरा स्थित त्रिलंगा में स्थित सहकार नगर के पास रहते हैं और रिलायंस ज्वैलर्स में मैनेजर का काम करते हैं। बीती 22 अप्रैल को दुकान में ग्राहको की संख्या अधिक थी। शोरुम का सेल्समेन विजय दवे उन्हें सामान दिखाने में व्यस्त था। उसी दौरान एक व्यक्ति आया उसने सोने का टॉप्स देखा, लेकिन कुछ खरीदे बिना ही वापस चला गया। भीड़ होने के कारण उन्होनें उस समय उस पर ध्यान नहीं दिया। दुकान बदं करते समय जब उन्होनें माल की काउंटिंग की तब चोरी का पता चला। पुलिस ने जॉच के बाद मामला कायम कर लिया है। बताया गया है, कि रिलायंस ज्वैलर्स शोरूम के पास वाले केरेटलेन ज्वैलर्स दुकान से भी सोने का कंगन चोरी गया था। शुरुआती जॉच में सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर वारदात करने वाला संदेही दोनों घटनाओं में एक जैसा ही नजर आ रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदेही की सुरागाशी के प्रयास कर रही है।

फोटो निर्वाचक नामावली के लिए दूसरा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

भोपाल(काप्र)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुये फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि में पंजीयन से शेष रहे मतदाताओं के नाम अभियान के तहत जोड़े जायेंगे। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम है इस प्रकार बीएलओ द्वारा 23 जून तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा। 24 जून से 24 जुलाई तक मतदान केन्द्रो का युक्तियुक्तकरण, नामावली एवं ईपिक की विसंगतियो को दूर करना, 25 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रारूप 1-8 की तैयारी, 02 अगस्त को एकजाई प्रारूप में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन, 02 अगस्त से 31 अगस्त तक दावे एवं आपत्तिया दर्ज करना, 22 सितम्बर तक दावे एवं आपत्तियो का निराकरण, 29 सितम्बर को नामावली की जांच एवं अंतिम प्रकाशन के लिये आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा 4 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

तीन संदिग्धों को दस जून तक पुनः पुलिस रिमांड पर भेजा

भोपाल(काप्र)। जबलपुर से गिरफ्तार तीन संदिग्धों की रिमांड अवधि पूरी होने पर उन्हें शनिवार को दोबारा भोपाल की स्पेशल एनआईए की कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल जज सीबीआई नीति राज सिसोदिया की कोर्ट ने तीनो सदिंग्धो सैयद ममूर अली, मोहम्मद आदिल खान और मोहम्मद शाहिद को दोबारा सात दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपने के आदेश दिये है। तीनो को 10 जून तक रिमांड पर सौंपा गया है। गौरतलब है कि तीनों सदिंग्धे को 26-27 मई को एनआईए) और मध्यप्रदेश एटीएस ने जॉइंट ऑपरेशन करते हुए गिरफ्तार किया था।

मुख्यमंत्री सीखो, कमाओ योजना पर सेमिनार संपन्न

युवाओं को प्रशिक्षण संग आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने की मिलेगी प्रेरणा : कलेक्टर

भोपाल (काप्र)।

कलेक्टर आशीष सिंह ने मुख्यमंत्री सीखो, कमाओ योजना के सेमिनार में बताया कि इस योजना से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड की सुविधा से आर्थिक मदद भी मिलेगी।

जिससे युवा बिना किसी चिंता के प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ उसी कंपनी और अन्य अंतराष्ट्रीय कंपनी में भी बेहतर जॉब मिलने की गारंटी भी मिल सकेगी। आईटीआई गोविंदपुरा में आयोजित सेमिनार में उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी आईटीआई प्राचार्य कैलाश गोलाई एवं श्री विलास से प्राप्त की एवं मौके पर उद्योगपतियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जवाब कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा दिया गया। सेमिनार के आयोजन पर तथा स्किल डेवलपमेंट स्कीम को विकसित करने के उद्देश्य वाली इस महत्वाकांक्षी प्रभावी योजना प्रारंभ करने पर एसोसिएशन एवं उद्योगपतियों द्वारा शासन, प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इस योजना को सफल बनाने का आश्वासन भी दिया। गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन भोपाल में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत आयोजित सेमिनार में कलेक्टर आशीष सिंह, सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह, गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौर, अचारपुरा एवं बागरोदा औद्योगिक संघ के अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी सहित महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कैलाश मानेकर द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया।

ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

एमपी नगर थाना इलाके में स्थित चेतक ब्रिज के नीचे से बीती सुबह पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। मौके पर मौजूद लोगो ने पुलिस को बातया कि मृतक को सड़क पर बाइक खड़े करने के बाद मोबाइल फेककर दीवार फांदते हुए देखा गया था। इसके बाद वह रेलवे ट्रैक पर लेट गया, जिसके बाद ट्रैन से कटकर उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने पर भीम नगर में रहने वाले 29 वर्षीय सोहन लाल सराठे की लाश चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक से बरामद की गई थी।

खास खबर | सोशल मीडिया विभाग की वर्चुअल बैठक संपन्न...

लोकसभा स्तर पर होगी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट

भोपाल (काप्र)।

भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग की बैठक शनिवार को वर्चुअल संपन्न हुई। बैठक में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सोशल मीडिया व आईटी विभाग के प्रभारी रजनीश अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विकास का पर्याय बनी मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सोशल मीडिया विभाग द्वारा प्रत्येक लोकसभा स्तर पर सोशल मीडिया इन्फ्लूंसर मीट का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही संगठन द्वारा तय किए गए लोकसभा एवं विधानसभा स्तरीय अभियान विकास तीर्थ, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से परिचर्चा, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस, प्रधानमंत्री के साथ वीसी, घर घर संपर्क, जनसभा, प्रेसवार्ता, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन जैसे सभी प्रमुख अभियानों में पूरे प्रदेश के सोशल मीडिया कार्यकर्ता अपनी सक्रियता के साथ अपनी सहभागिता करेंगे।

सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया विभाग का कार्यकर्ता आमजन तक सरकार के विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने में कार्यरत है। इसी क्रम में सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर सक्रिय युवा साथियों के साथ हम मध्यप्रदेश की प्रत्येक लोकसभा पर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट आयोजित हो रही है।

लोकसभा कलस्टर प्रभारी नियुक्त

प्रदेश में चल रहे विशेष संपर्क अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया विभाग ने लोकसभा स्तर पर कलस्टर प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिसमें बालाघाट, मंडला, शहडोल, जबलपुर लोकसभा के कलस्टर प्रभारी सुयश त्यागी एवं योगेश मिश्रा, विदिशा, दमोह, टीकमगढ़, सागर लोकसभा के कलस्टर प्रभारी अजय सेंगर एवं रवि मिश्रा, भिंड, ग्वालियर, मुरैना, गुना लोकसभा के कलस्टर प्रभारी शिशिर बड़कुल एवं राकेश सूर्यवंशी, देवास, उज्जैन, भोपाल, राजगढ़ लोकसभा के कलस्टर प्रभारी पवन दुबे एवं अजय ठाकुर, सतना, रीवा, खजुराहो, सीधी लोकसभा के कलस्टर प्रभारी अश्विनी जोधवानी एवं तुषार द्विवेदी, खरगौन, खंडवा, होशंगाबाद, बैतूल लोकसभा के कलस्टर प्रभारी दीपक नेमा एवं अंकित परमार, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, धार लोकसभा के कलस्टर प्रभारी विक्की मित्तल एवं अजय ठाकुर को नियुक्त किया गया है।